मन ले चल वृन्दावन धाम | by Vicky Upadhyay

मन ले चल वृन्दावन धाम
वहां मिलेंगे राधा संग श्याम
मेरी सुबह उन्ही से है शाम
वहां मिलेंगे राधा संग श्याम

जय श्री राधे बोलो जय श्री राधे

वृन्दावन की कुन्ज गलिन में राधे राधे गाऊं
राधे राधे रटते रटते कान्हा जी को पाऊं
भव से मैं तर जाऊं ....
हरी को पूजूँ में आठों याम
वहां मिलेंगे राधा संग श्याम
मन ले चल वृन्दावन धाम
वहां मिलेंगे राधा संग श्याम

जय श्री राधे बोलो जय श्री राधे

सारे जगत के पालनहारे माधव मदन मुरारी
इनकी शरण में जो भी आवे हर ले सुध बुध सारी
हरी की महिमा न्यारी ....
हरी बनाते हैं बिगड़े काम
वहां मिलेंगे राधा संग श्याम
मन ले चल वृन्दावन धाम
वहां मिलेंगे राधा संग श्याम

जय श्री राधे बोलो जय श्री राधे

कान्हा जी का रूप सलोना संग में राधा प्यारी
इत पे डाले पीला पटका उत पे पीली सारी
मैं जाऊं वारी वारी ....
अनिल रोहित करते प्रणाम
वहां मिलेंगे राधा संग श्याम
मन ले चल वृन्दावन धाम
वहां मिलेंगे राधा संग श्याम

जय श्री राधे बोलो जय श्री राधे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%a8-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%9a%e0%a4%b2-%e0%a4%b5%e0%a5%83%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%a7%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-vicky-upadhyay/